आवश्यक सूचना

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार

(हज भवन कोचिंग एवं मार्गदर्शन कोषांग, पटना)

बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त (प्रारम्भिक) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु

नि:शुल्क आवासीय कोचिंग कार्यक्रम

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बिहार सरकार की राज्य अल्पसंख्यक कोचिंग योजनान्तर्गत नोडल एजेन्सी मौलाना मजहरूल हक अरबी एवं फारसी विश्वविद्यालय के पर्यवेक्षण में हज भवन, पटना में बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं संयुक्त (प्रारंभिक) प्रतियोगिता परीक्षा की निःशुल्क आवासीय कोचिंग एवं मार्गदर्शन कार्यक्रम में प्रवेश हेतु अल्पसंख्यक समुदाय के उम्मीदवारों से (बौद्ध, सिख, पारसी, ईसाई, मुस्लिम एवं जैन) ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक अभ्यर्थी बिहार राज्य हज समिति के वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर दिनांक 28.08.2024 से 10.09.2024 तक ऑनलाईन आवेदन भर सकते हैं। इच्छुक आवेदकों में जो पूर्व में संघ लोक सेवा आयोग/बिहार लोक सेवा आयोग एवं अन्य राज्यों की लोक सेवा आयोग/बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग इत्यादि के साक्षात्कार,प्रारम्भिक अथवा मुख्य परीक्षाओं में से किसी में भी सफल हुए हैं उन्हे बिना प्रवेश परीक्षा के सीधे पूर्व के प्रदर्शन के आधार पर ही प्रवेश दिया जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा का पाठ्यक्रम एवं स्तर बिहार लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा के पाठ्यक्रम एवं स्तर के ही अनुरूप होगा। प्रारम्भिक परीक्षा के बाद मुख्य परीक्षा तथा साक्षात्कार की तैयारी एवं अभ्यास भी समेकित रूप से कराये जाने की योजना है परन्तु प्रारम्भिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने पर मुख्य परीक्षा की कोचिंग हेतु अनुमति नही रहेगी तथा ऐसी परिस्थिति में प्रारम्भिक परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों की सीधे मुख्य परीक्षा की कोचिंग हेतु प्रवेश दिया जा सकेगा।

ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि –28.08.2024 से 10.09.2024 के अपराहन 06:00 बजे तक
आवश्यकतानुसार प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की तिथि – 12.09.2024 से 14.09.2024 तक
प्रवेश परीक्षा की तिथि –15.09.2024,
प्रवेश परीक्षाफल की घोषणा –18.09.2024 अपराहन 04:00 बजे
नामांकन प्रक्रिया पूर्ण करने की तिथि – 19.09.2024 से 21.09.2024
वर्ग संचालन की सम्भावित तिथि –23.09.2024

प्रवेश सम्बंधी अतिरिक्त जानकारी हेतु दूरभाष संख्या–0612–2203315 मोबाईल संख्या–9097171909, 7070810696 पर सम्पर्क अथवा वेबसाईट www.biharstatehajcommittee.org पर उपलब्ध सूचना का अवलोकन किया जा सकता है।